समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित नोटों और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का अभिप्राय सूचनापरक प्रकटीकरण के साधन के रूप में कार्य करना और समूह की समेकित स्थिति को बेहतर ढंग से समझने में मार्गदर्शन करना है. इस संबंध में बैंक ने ऐसे नोटों तथा नीतियों का प्रकटीकरण किया है जो जरूरी प्रकटीकरण को ठीक-ठीक प्रस्तुत करते हैं और मूल तथा सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों में प्रकट किए गए अन्य नोटों एवं सांविधिक अनुरूपताओं को छोड़ दिया गया है, जिनका समेकित वित्तीय विवरणों की सही और निष्पक्ष प्रस्तुति पर कोई प्रभाव नहीं है.

बैंक और इसकी सहायक संस्थाओं के वित्तीय विवरणों को, अंत:समूह शेषों और अंत:समूह लेनदेनों को पूरी तरह से हटा देने के बाद आस्तियों, देयताओं, आय एवं व्यय जैसी मदों के बही मूल्यों को पंक्ति-दर पंक्ति आधार पर एक साथ जोड़कर तैयार किया गया है. अंत:समूह लेन-देनों के परिणामस्वरूप अप्राप्त लाभों अथवा हानियों को हटा दिया गया है तथा लागत वसूल किए जाने तक अंत: समूह लेन-देनों के परिणामस्वरूप हुई अप्राप्त हानियों को भी हटा दिया गया है.

समेकित सहायक संस्थाओं के निवल लाभ में माइनॉरिटी इंटरेस्ट के हिस्से की पहचान की गई और शेयर धारकों से संबंधित निवल आय की गणना करने के लिए कर-पश्चात् लाभ के समक्ष इसे समायेजित किया गया. समेकित सहायक संस्थाओं की हानि में अन्य हितधारकों का हिस्सा यदि इक्विटी में उनके हिस्से से अधिक होता है तो अन्य हितधारकों से संबंधित आधिक्य की राशि और आगे हुई हानियों को समूह के हित के समक्ष समायोजित किया गया है.

समेकित सहायक संस्थाओं की निवल आस्तियों में माइनॉरिटी इंटरेस्ट का हिस्सा समेकित तुलन-पत्र में कंपनी के शेयरधारकों की देयताओं और इक्विटी से अलग प्रस्तुत किया गया है.

3. बैंक के खातों के समेकित वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित सहायक संस्थाएं शामिल हैं:

सहायक संस्था का नाम	निगमन देश	स्वामित्व का अनुपात (%)	
		2020-21	2019-20
नैबकिसान फ़ाइनेंस लि. (नैबकिसान)	भारत	87.48	87.48
नैबसमृद्धि फ़ाइनेंस लि. (नैबसमृद्धि)	भारत	91.09	90.68
नैबफिन्स लिमिटेड (नैबफिन्स)	भारत	63.10	63.10
नाबार्ड कन्सल्टेंसी सर्विसेज प्रा.लि. (नैबकॉन्स)	भारत	100	100
नैबवेंचर्स लि. (नैबवेंचर्स)	भारत	100	100
नैबफ़ाउंडेशन	भारत	100	100
नैबसंरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड (नैबसंरक्षण)	भारत	100	-

4. अनुमानों का उपयोग:

सामान्यतया मान्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुरूप वित्तीय विवरणियां तैयार करने के लिए यह अपेक्षित होता है कि प्रबंधन कई ऐसी बातें मान कर चले और कई ऐसे अनुमान लगाए जो बैंक द्वारा रिपोर्ट की गई आस्तियों और देयताओं की राशि तथा वित्तीय विवरणों की तिथि पर आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और रिपोर्टिंग की अवधि के दौरान परिचालनों के परिणामों की स्थिति को प्रभावित करते हैं. यद्यपि, ये अनुमान प्रबंधन तंत्र की सर्वोत्तम जानकारी के आधार पर हैं, वास्तविक निष्कर्ष इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं. ये भिन्नताएं ऐसे परिणामों के वर्ष में दर्शाई जाती हैं.

5. राजस्व निर्धारण:

5.1 नकदी के आधार पर लेखाबद्ध निम्नलिखित मदों को छोड़ कर, आय और व्यय को उपचय के आधार पर लेखाबद्ध किया गया है:

i) भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के मार्गनिर्देशों के अनुसार पहचानी गई अनर्जक आस्तियों पर ब्याज.

ii) ऋण देयों की प्राप्ति में विलंब या ऋण की शर्तों का अनुपालन न करने पर, प्रभारित दंडात्मक ब्याज के रूप में आय.

iii) विभिन्न निधियों से दिए गए ऋणों पर सेवा प्रभार.

iv) किसी एक व्यय शीर्ष के अंतर्गत प्रत्येक लेखा इकाई पर ₹10,000 तक के व्यय.

v) ऋण प्रसंस्करण के लिए ग्राहकों से लिया गया अपफ्रंट प्रोसेसिंग शुल्क.

vi) डीडीयू-जीकेवाई योजना के अंतर्गत नैबकॉन्स द्वारा प्राप्त की गई अनुप्रवर्तन लागत.

5.2 जारी किए गए बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की बट्टा राशि को बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की अवधि के लिए परिशोधित किया गया. बॉण्ड के निर्गम से संबंधित व्ययों को बॉण्ड के निर्गम वर्ष का व्यय माना गया है.

5.3 लाभांश प्राप्त होने का अधिकार स्थापित हो जाने पर निवेश पर लाभांश को लेखे में लिया गया है.

5.4 जहां नाबार्ड पास थ्रू एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है, वहां संबंधित योजनाओं के अंतर्गत निधियों की उपलब्धता के अधीन अदायगी आधार पर सब्सिडी जारी करने संबंधी लेखांकन किया गया है.

5.5 उद्यम पूंजी निधि से प्राप्त आय की गणना वसूली के आधार पर की गई है.

5.6 अनर्जक आस्तियों की वसूली निम्नलिखित क्रम में विनियोजित की गई है:

i) दंडात्मक ब्याज

ii) लागत और प्रभार

iii) अतिदेय ब्याज और ब्याज

iv) मूलधन

5.7 संवितरित मीयादी ऋण से ब्याज और बैंकों से प्राप्त ब्याज को, बकाया राशि और लागू दर को ध्यान में रखते हुए अवधिगत अनुपात के आधार पर गणना में लिया गया है.

5.8 सेवाओं से आय (नैबकॉन्स)

5.8.1 सौंपे गए कार्यों से आय: कंपनी के लिए आय का मुख्य स्रोत, कंपनी को सौपें गए कार्यों से होने वाली आय है. सौंपे गए कार्य के पूर्ण होने पर कार्य विशेष से संबंधित आय और तदनुरूपी व्यय को गणना में लिया गया है. सौंपे गए कार्य को निम्नलिखित स्थितियों में पूर्ण माना गया है

- डीपीआर तैयार करने के मामले में, जब पार्टी को ड्राफ्ट रिपोर्ट जारी कर दी गई हो.
- अन्य कार्यों के मामले में, जिनका निष्पादन किसी अवधि में किया जाना है, पूरे किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और प्रभावी की जा चुकी सुपुर्दगियों, निष्पादन की स्थिति और पूरी की गई अवधि के आधार पर आय-निर्धारण किया गया है.
- यदि सौंपा गया कार्य एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए समयबद्ध संविदा हो, तो ऐसे मामले में पूरी हुई अवधि के अनुपात में आय निर्धारण किया गया है.

5.8.2 विदेश से प्राप्त कार्यों के मामले में, निष्पादन होते ही आय को मान्य किया गया है.

5.8.3 प्रबंधन की राय के अनुसार, जिन कार्यों को जारी नहीं रखा जाना है उन्हें "जैसा है जहां है" आधार पर वहीं बंद कर दिया गया है और उनसे प्राप्त राशि को आय के रूप में माना गया है.

5.8.4 वर्तमान में चल रहे कार्यों के लिए प्रगामी आधार पर प्राप्त अग्रिम राशि को ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम के रूप में अलग से दर्शाया गया है और उसे चालू देयता के रूप में माना गया है. इस प्रकार के कार्यों पर हुए व्यय को चालू आस्तियों के रूप में दर्शाया गया है.

5.8.5 करार की शर्तों के अनुसार 'पास थ्रू एजेंसी' और अनुप्रवर्तन एजेंसी के कार्य के संबंध में, नैबकॉन्स प्रत्येक किस्त जारी करते समय जारी की गई राशि से प्रोफेशनल शुल्क के रूप में 1.5% राशि की कटौती करने हेतु अधिकृत है. प्रत्येक किस्त की राशि जारी करते समय आय को मान्य किया गया है.

6. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (अचल आस्तियां) और मूल्यह्रास:

क) अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास और क्षति के कारण होने वाली हानि, यदि कोई हो, को घटा कर, अधिग्रहण लागत पर दर्शाया गया है. आस्तियों की लागत में उनके अधिग्रहण और उन्हें स्थापित करने से संबंधित कर, शुल्क, भाड़े और अन्य प्रासंगिक व्यय शामिल हैं. विद्यमान आस्तियों पर बाद में किए गए व्यय को तभी पूंजीकृत किया गया है जब उससे, विद्यमान आस्तियों का भविष्यगत लाभ उनके पूर्व में आकलित कार्यनिष्पादन के स्तर से आगे बढ़ जाता है.

ख) भूमि में पूर्ण स्वामित्व वाली और पट्टे वाली भूमि शामिल है.

ग) परिसर में भूमि का मूल्य शामिल है, जहां अलग-अलग मूल्य तत्काल उपलब्ध नहीं हैं.

घ) वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि और पट्टेवाली भूमि पर स्थित परिसर पर मूल्यह्रास की नीति में संशोधन किया गया है और सीधी रेखा पद्धति के आधार पर 30 वर्षों की अवधि के लिए इसकी गणना की गई है.

ङ) पट्टाकृत भूमि पर भुगतान किए गए अपफ्रंट लीज प्रीमियम को लीज की अवधि में 5% की दर से प्रारंभिक अवलिखित मूल्य पर या लीज की शेष अवधि पर शेष लीज प्रीमियम की आनुपातिक राशि, जो भी अधिक हो, के अनुसार परिशोधित किया गया है.

च) ₹1 लाख और उससे कम लागत की प्रत्येक अचल परिसंपत्तियों (आसानी से स्थानांतरणीय इलेक्ट्रानिक आस्तियों जैसे लैपटाप, मोबाइल फोन इत्यादि को छोड़कर) को उनके अधिग्रहण वर्ष में लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया गया है. आसानी से स्थानांतरणीय इलेक्ट्रानिक आस्तियों, जैसे लैपटाप, मोबाइल फोन आदि को पूंजीकृत किया गया है, यदि प्रत्येक मद की लागत ₹10,000 से अधिक है. ₹1 लाख और उससे कम लागत वाले और स्वतंत्र रूप से खरीदे गए प्रत्येक सॉफ्टवेयर को लाभ हानि खाते में लिया गया है.

छ) अन्य अचल आस्तियों पर सीधी रेखा पद्धति के आधार पर आस्तियों की प्रबंधन द्वारा सुनिश्चित की गई अनुमानित उपयोगिता अवधि पर निम्नलिखित दरों से मूल्यह्रास प्रभारित किया गया है:

आस्तियों का प्रकार	*मूल्यह्रास दर*
फर्नीचर और फिक्सचर्स	20%
कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर	33.33%
कार्यालय उपकरण	20%
वाहन	20%

ज) आस्तियों के मूल्यह्रास की गणना उस महीने से की जाती है जिस माह से वर्ष के दौरान खरीदी गई आस्ति को पूंजीकृत किया जाता है और यह गणना आस्ति की बिक्री के वर्ष के उस महीने तक की जाती है जिसमें उसकी बिक्री होती है.

झ) चल रहे पूंजीगत कार्य में पूंजी अग्रिम शामिल है और इसे अचल सम्पत्तियों के अंतर्गत प्रकट किया गया है.

ञ) सहायक संस्थाओं के मामले में अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास की गणना निम्नानुसार की गई है.

सहायक संस्था का नाम	*मूल्यह्रास की प्रणाली*
नैबकिसान	अनुसूची II के अनुसार अवलिखित मूल्य
नैबसमृद्धि	अनुसूची II के अनुसार अवलिखित मूल्य
नैबफिन्स	अनुसूची II के अनुसार सीधी रेखा विधि
नैबकॉन्स	अनुसूची II के अनुसार सीधी रेखा विधि
नैबवेंचर्स	अनुसूची II के अनुसार सीधी रेखा विधि
नैबफाउंडेशन	अनुसूची II के अनुसार सीधी रेखा विधि
नैबसंरक्षण	अनुसूची II के अनुसार अवलिखित मूल्य

7. निवेश

क) भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गनिर्देशों के अनुसार निवेशों को "व्यापार के लिए धारित" (एचएफटी), "बिक्री के लिए उपलब्ध" (एएफएस) और "परिपक्वता तक धारित" (एचएमटी) श्रेणियों (यहां से आगे "श्रेणी" लिखा गया है) में वर्गीकृत किया गया है.

ख) जो प्रतिभूतियां मुख्यत: क्रय की तारीख से 90 दिनों के भीतर फिर से बेचे जाने के लिए धारित हैं उन्हें "एचएफटी" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है. जिन निवेशों को बैंक परिपक्वता तक रखना चाहता है उन्हें "एचटीएम" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है और जो प्रतिभूतियां इन दोनों में से किसी श्रेणी में नहीं आतीं उन्हें "एएफएस" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है.

ग) परिपक्वता तक धारित श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत निवेशों को अधिग्रहण लागत पर रखा गया है, जहां लागत अंकित मूल्य के बराबर है अथवा उससे कम. यदि लागत अंकित मूल्य से अधिक है तो, परिपक्वता के लिए शेष अवधि के दौरान के प्रीमियम को परिशोधित किया गया है. "एचटीएम" श्रेणी के अंतर्गत, अस्थायी निवेशों को छोड़कर, सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेश के मूल्य में कमी होने के संबंध में, जहां भी आवश्यक था, प्रावधान किया गया है. ऐसे निवेशों के मूल्य में कमी/परिशोधन हेतु प्रावधान को चालू देयताओं और प्रावधानों के अंतर्गत शामिल किया गया है.

घ) "एचटीएम'' श्रेणी के अंतर्गत निवेशों के मोचन पर प्राप्त लाभों को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है.

ङ) "एएफएस'' श्रेणी के अंतर्गत निवेशों को अखिल भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ (एफआईएमएमडीए) और भारतीय वित्तीय बेंचमार्क प्रा.लि द्वारा घोषित दर पर स्क्रिप-वार, बाजार दर के अनुरूप निर्धारित किया गया है. "एएफएस'' के रूप में वर्गीकृत श्रेणी वाले निवेशों के लिए निवल मूल्यह्रास (यदि कोई है) का प्रावधान किया गया है और मूल्यवृद्धि को अनदेखा किया गया है. पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् एकल स्क्रिप के बही मूल्य को बदला नहीं गया है.

च) "एचएफटी'' श्रेणी के अंतर्गत, निवेशों को अखिल भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ (एफआईएमएमडीए) और भारतीय वित्तीय बेंचमार्क प्रा.लि. द्वारा घोषित दर पर, स्क्रिप-वार, बाजार दर के अनुरूप निर्धारित किया गया है. "एचएफटी'' श्रेणीकृत निवेशों के लिए मूल्यह्रास/मूल्यवृद्धि को मान्य किया गया है. पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् एकल स्क्रिप के बही मूल्य को बदला गया है.

छ) सहायक संस्थाओं, संयुक्त उद्यमों और सहयोगी संस्थाओं में किए गए निवेशों को परिपक्वता तक धारित श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है.

ज) खजाना बिलों, वाणिज्यिक पत्रों और जमा प्रमाण-पत्रों का मूल्य रखाव लागत पर लिया गया है.

झ) जिन कंपनियों में निवेश किया गया है यदि उनके अद्यतन लेखापरीक्षित आंकड़े उपलब्ध हैं तो अनकोटेड शेयरों का मूल्य ब्रेकअप मूल्य पर लिया गया है अथवा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रति कंपनी ₹1/- पर उनका मूल्य निर्धारित किया गया जाता है.

ञ) अधिग्रहण के समय गैर-सूचीबद्ध इक्विटी समेत निवेश के लिए भुगतान किए गए ब्रोकरेज, कमीशन आदि को राजस्व के अंतर्गत प्रभारित किया गया है.

ट) शेयर बाजार में शेयरों के अधिग्रहण/बिक्री के समय भुगतान किए गए ब्रोकरेज को पूंजीकृत किया गया है.

ठ) ऋण निवेश पर अदा/प्राप्त किए गए खंडित अवधि के ब्याज को ब्याज व्यय/आय के रूप में माना गया है और लागत/बिक्री हेतु उसे नहीं लिया गया है.

ड) विभिन्न श्रेणियों के बीच प्रतिभूति के अंतरण को, अंतरण की तारीख को अधिग्रहण लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य में से जो कम हो, उस पर हिसाब में लिया गया है और अंतरण के बाद यदि कोई मूल्यह्रास है तो उसके लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है.

ढ) सरकारी प्रतिभूतियों के पुनर्मूल्यांकन पर परिशोधन/लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया गया है.

ण) निवेशों के लेखांकन के लिए भारित औसत लागत प्रणाली अपनाई गई है.

त) उद्यम पूंजी निधि में निवेश का लेखांकन, संबंधित निधि द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीति के अनुसार किया गया है.

8. अग्रिम और उनके लिए प्रावधान:

क) अग्रिमों का वर्गीकरण भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है. आवधिक समीक्षा के आधार पर और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रावधान के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुरूप पहचाने गए अग्रिमों के संबंध में मानक आस्तियों ओर अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान किया गया है.

ख) अग्रिमों की पुन: संरचना/पुन: अनुसूचीकरण के मामले में, मूल करार के अनुसार भावी मूलधन और ब्याज के वर्तमान मूल्य और संशोधित करार के अनुसार भावी मूलधन और ब्याज के वर्तमान मूल्य के बीच के अंतर के लिए प्रावधान किया गया है.

ग) अनर्जक अग्रिमों के लिए किए गए प्रावधानों को घटा कर अग्रिमों को दिखाया गया है.

घ) निधियों से प्रदान किए गए ऋणों में से अनर्जक ऋणों के लिए प्रावधान को लाभ–हानि खाते में प्रभारित किया गया है.

9. विदेशी मुद्रा लेन-देन:

इन्स्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभाव के संबंध में लेखांकन पर जारी लेखा मानक (एएस-11) के अनुसार विदेशी मुद्रा लेनदेनों का लेखांकन प्रबंध निम्नानुसार किया गया है:

क) वर्ष के अंत में/रिपोर्टिंग तिथि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित विदेशी मुद्रा विनिमय दर पर विदेशी मुद्रा की आस्तियों और देयताओं का पुनर्मूल्यन किया गया है. विदेशी मुद्रा उधार के हेज किए गए हिस्से को संविदागत मूल्य पर दर्शाया गया है तथा वर्ष की समाप्ति पर विनिमय दर के अनुसार हेज किए गए उधार की देयता को तुलन-पत्र में कॉण्ट्रा मद (तुलन-पत्र से इतर मद) के रूप में प्रकट किया गया है.

ख) आय और व्यय मदों को लेनदेन की तारीख को लागू विनिमय दरों के हिसाब से परिवर्तित कर दिया गया है.

10. विदेशी मुद्रा विनिमय संविदाओं हेतु लेखांकन

क) विदेशी विनिमय संविदाएं विदेशी मुद्रा उधारों की चुकौती को हेज़ करने के लिए की गई हैं.

ख) हेज की गई विदेशी मुद्रा के उधार को संविदागत मूल्य पर दर्शाया गया है.

ग) वर्ष के अंत में हेज नहीं की गई विदेशी मुद्रा विनिमय संविदाओं का एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर पुन: मूल्यांकन किया गया है. पुन: मूल्यांकन के परिणामस्वरूप अधिलाभ/घाटे को लाभ और हानि खाते में वायदा विनिमय संविदा खातों के पुन: मूल्यांकन पर प्राप्त अधिलाभ/घाटा शीर्ष के अंतर्गत मान्य किया गया है. प्रीमियम/ डिस्काउंट को संविदा जारी रहने की अवधि के लिए हिसाब में लिया गया है.

घ) विदेशी मुद्रा विनिमय संविदाओं के निरसन और नवीकरण पर लाभ/ घाटे को लाभ और हानि खाते में विदेशी मुद्रा खाते में लाभ/ घाटा' शीर्ष के अंतर्गत मान्य किया गया है.

11. कर्मचारी लाभः

भारतीय रिजर्व बैंक से स्थानांतरित सभी कार्मिक बैंक के कर्मचारी समझे गए हैं और तदनुसार कर्मचारी लाभ के लिए प्रावधान किए गए हैं. प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख पर यथा-आवश्यक बीमांकिक मूल्यांकन किया गया है.

क) अल्पावधि कर्मचारी लाभः

अल्पावधि कर्मचारी लाभों, जिनका भुगतान कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं के बदले में अपेक्षित है, की अबट्टाकृत राशि उसी अवधि के लिए मानी गई है जिस अवधि में कर्मचारी ने सेवाएं प्रदान की हैं.

ख) सेवानिवृत्ति-पश्चात् लाभः:

i) **पारिभाषित अंशदान योजना**

क) उन सभी पात्र कर्मचारियों, जिन्होंने 31 दिसंबर 2011 को या उससे पहले बैंक में कार्यभार ग्रहण किया है, के लिए बैंक में भविष्य निधि योजना है. इस योजना का प्रबंधन भारतीय रिजर्व बैंक करता है. अंशदान उपचय आधार पर मान्य किए गए हैं.

ख) बैंक ने उन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना (एनपीएस) आरंभ की है जो 01 जनवरी 2012 को या उसके बाद बैंक की सेवाओं में आए हैं. बैंक ने एक पारिभाषित अंशदान योजना 'एनपीएस-कारपोरेट सेक्टर मॉडल' को अपनाया है जो पेंशन निधि विनियामक एवं विकास बीमांकिक (पीएफआरडीए) द्वारा तैयार की गई है. निधि में अंशदान उपचय आधार पर किए जाते हैं.

ii) **पारिभाषित लाभ योजना**

क) सभी पात्र कर्मचारियों के संबंध में प्रक्षेपित इकाई जमा प्रणाली के आधार पर किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में ग्रेच्युटी का प्रावधान किया जाता है. इस योजना के लिए निधि बैंक प्रदान करता है तथा इसका प्रबंधन एक अलग न्यास द्वारा किया जाता है. बीमांकिक लाभ अथवा हानि को लाभ और हानि खाते में उपचय के आधार पर मान्य किया गया है

ख) 31 दिसंबर 2011 को या उससे पहले बैंक में कार्यभार ग्रहण करनेवाले सभी पात्र कर्मचारियों के पेंशन के लिए प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है. इस योजना के लिए निधि बैंक प्रदान करता है तथा इसका प्रबंधन एक अलग न्यास द्वारा किया जाता है.

iii) **अन्य दीर्घावधि लाभ**

बैंक के सभी पात्र कर्मचारी प्रति वेतन सहित अवकाशों के लिए पात्र हैं. सभी पात्र कर्मचारी सेवानिवृत्ति पश्चात् चिकित्सा लाभों के लिए भी पात्र हैं. अन्य प्रदत्त दीर्घावधि लाभों की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख पर इकाई लागत पद्धति का प्रयोग करके बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है. बीमांकिक लाभ या घाटे को लाभ और हानि खाते में उपचय आधार पर दर्शाया गया है.

12. आय पर कर

क) आय कर अधिनियम, 1961 के उपबंधों के अनुरूप परिगणित कर योग्य आय और कर जमाओं एवं निर्धारणों/अपीलों के संभावित परिणाम के आधार पर चालू अवधि के लिए आय पर कर का निर्धारण किया गया है.

ख) आस्थगित कर की पहचान समयजन्य अंतर अर्थात् वर्ष के लिए कर-योग्य आय और लेखागत आय के बीच के अंतर के आधार पर की गई है और कर की दरों और तुलनपत्र की तारीख की स्थिति के अनुसार अधिनियमित कानूनों या स्थानापन्न रूप से अधिनियमित कानूनों का उपयोग करते हुए उनकी राशि निर्धारित की गई है.

ग) अवशोषित न हुए मूल्यह्रास/ व्यावसायिक हानियों से संबंधित आस्थगित कर आस्तियों की पहचान कर उन्हें उस सीमा तक आगे ले जाया गया है,जहां लगभग यह निश्चित हो जाए कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके समक्ष ऐसी आस्थगित आस्तियों की वसूली की जा सकेगी.

घ) निधियों से अर्जित कर योग्य आय पर अदा किए गए/ प्रावधान किए गए कर की गणना संबंधित निधि के व्यय के रूप में की गई है.

13. खंड रिपोर्टिंग

क) खंड राजस्व में, खंड से सीधे संबंधित/ खंड को आबंटन योग्य ब्याज और अन्य आय शामिल हैं.

ख) जो आय संपूर्ण बैंक से संबंधित है और जिसे किसी खंड को आबंटित नहीं किया जा सकता, उसे'अन्य आबंटित न की जा सकने योग्य बैंक आय' में शामिल किया गया है.

ग) जो व्यय किसी खंड से सीधे संबंधित/ खंड को आबंटन-योग्य हैं, उन्हें उनके खंड का परिणाम निर्धारित करने के लिए हिसाब में लिया गया है. ऐसे व्यय जिनका संबंध संपूर्ण बैंक से है और जिन्हें किसी खंड को आबंटित नहीं किया जा सकता, उनको 'अन्य आबंटित न किए जा सकने योग्य व्यय' में शामिल किया गया है.

घ) खंड आस्तियों और देयताओं में संबंधित खंड से सीधे जुड़ी आस्तियां और देयताएं शामिल हैं. आबंटित न की जा सकने योग्य आस्तियों और देयताओं में संपूर्ण बैंक से संबंधित किसी खंड को आबंटित नहीं की जा सकने योग्य आस्तियां और देयताएं शामिल हैं.

14. आस्तियों की क्षतिग्रस्तता

क) प्रत्येक तुलनपत्र की तारीख को आस्तियों की अंकित राशि की जांच क्षतिग्रस्तता के लिए की जाती है ताकि निम्नलिखित का निर्धारण किया जा सके :

i) यदि क्षतिग्रस्तताजन्य कोई हानि हुई हो तो उसके लिए आवश्यक प्रावधान; अथवा

ii) पिछली अवधि में मान्य की गई क्षतिग्रस्तताजन्य हानि का प्रत्यावर्तन यदि कोई हो तो, किया जा सके.

ख) क्षतिग्रस्तताजन्य हानि तब मानी गई है जब किसी आस्ति की धारिता राशि उससे वसूली योग्य राशि से अधिक हो.

15. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां

15.1 प्रावधानों के लिए केवल उन्हीं देयताओं को मान्य किया गया है जिनका आकलन वास्तविक स्तर पर किया जा सके यदि:

क) किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप बैंक का कोई वर्तमान दायित्व हो ;

ख) दायित्वों के निपटान हेतु संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना हो; और

ग) दायित्व की राशि का विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता हो.

15.2 आकस्मिक देयता को निम्नलिखित मामलों में प्रकट किया गया:

क) पिछली घटनाओं से उत्पन्न संभाव्य दायित्व, जब इसकी संभावना नहीं हो कि

ख) दायित्व को पूरा करने के लिए संसाधनों के बहिर्गमन की आवश्यकता पड़ेगी,

ग) किसी वर्तमान दायित्व का वास्तविक अनुमान संभव नहीं हो, और पिछली घटनाओं से उत्पन्न संभाव्य दायित्व जहां संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता हो.

15.3 आकस्मिक आस्तियों को न तो मान्य किया गया है और न ही उन्हें प्रकट किया गया है.

15.4 प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख पर प्रावधानों, आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों की समीक्षा की गई है.

16. नकदी और नकदी समतुल्य

क) नकदी प्रवाह विवरणियों के प्रयोजन के लिए बैंक में नकदी, हाथ में नकदी, बैंक में मांग जमा राशि और अन्य अल्पावधि निवेश शामिल हैं जिनकी मूल परिपक्वता अवधि तीन माह या उससे कम है.

ख) नकदी प्रवाह विवरणी को अप्रत्यक्ष पद्धति से रिपोर्ट किया जाता है. उपलब्ध सूचना के आधार पर संचालन, वित्त पोषण और निवेश गतिविधियों से प्राप्त नकदी प्रवाह को अलग किया जाता है.

17. पूर्व अवधि आय/ व्यय

पूर्व अवधि प्रकृति की आय/ व्यय मदों को तभी अलग से प्रकट किया गया है जब पूर्व की एकल आय/ व्यय मद सकल आय के 0.5% से अधिक हो.

18. भारतीय लेखा मानकों का कार्यान्वयन (इंडियन एएस)

एमसीए द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2016 को जारी प्रेस विज्ञप्ति सं.11/10/2009 सीएल-वी के तहत बैंकों को 01 अप्रैल 2018 से प्रारंभ होने वाली लेखा अवधि और आगे के लिए इंडियन एएस आधारित वित्तीय विवरण तैयार करने होंगे जिन्हें 31 मार्च 2018 और इसके बाद समाप्त होने वाली अवधि से तुलनात्मक होना होगा. एआईएफ़आई द्वारा इंड एएस का कार्यान्वयन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अगली सूचना प्राप्त होने तक आस्थगित कर दिया गया है.

19. कोविड -19 का प्रभाव

क) संपूर्ण विश्व और भारत में फैले कोविड-19 के कारण सीमित आवागमन और आंशिक लॉकडाउन के परिणामस्वरूप देश में आर्थिक गतिविधियों में काफी गिरावट आई है. इस वजह से व्यवसाय के सभी क्षेत्रों, विशेष रूप से बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में बाधा उत्पन्न हुई है और कृषि क्षेत्र में रबी की लगभग तैयार फसल की कटाई में भी भारी समस्या आई. यही समय होता है जब कृषि फसलें मंडियों (मार्केट यार्ड) में पहुंचती हैं और निर्दिष्ट सरकारी एजेंसियों द्वारा इनकी सुनिश्चित अधिप्राप्ति की जाती है.

ख) धारक बैंक के प्रबंधन ने आंतरिक और बाह्य सूचनाओं के आधार पर कोविड19 की वजह से वित्तीय आंकड़ों की रिपोर्टिंग पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया जो अनुवर्ती अवधि की गतिविधियों के आकलन पर आधारित है.

ग) चूंकि बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ अत्यावश्यक सेवा के रूप में वर्गीकृत हैं, अत: लॉकडाउन की अवधि के दौरान अधिकांश स्टाफ सदस्यों को ऑनलाइन/डिजिटल मोड के माध्यम से घर से कार्य करने की अनुमति दी गई और इस प्रकार बैंक के नीतिगत मामले, ऋण संवितरण, अधिशेष के निवेश और अन्य परिचालनों का संचालन सुचारु रूप से किया गया. तात्कालिक कार्यों को पूरा करने के लिए कुछ सीमित स्टाफ सदस्यों को बारी-बारी से कार्यालय से काम करने के लिए बुलाया जाता है.

वर्तमान में उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर धारक बैंक के प्रबंधन का अभिमत है कि रिपोर्ट किए गए आंकड़ों और आस्तियों की क्षतिग्रस्तता पर कोविड-19 का प्रभाव कुछ खास नहीं होगा.

आ. लेखों के भाग के रूप में टिप्पणियां

1. केएफडब्ल्यू-जर्मन विकास बैंक (केएफडब्ल्यू) के साथ हुए करार के अनुसार यूपीएनआरएम के अंतर्गत अभिवृद्धि/ आय तथा व्ययों को निधि में प्रभारित किया गया है. इस निधि से दिए गए ऋण को अन्य ऋण की श्रेणी में रखा गया है और इसे अनुसूची 11 में प्रकट किया गया है.

यूपीएनआरएम संबंधी उधार को 'अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से उधार' की श्रेणी में रखा गया है और इसे अनुसूची 7 के तहत प्रकट किया गया है. वर्ष के दौरान इस निधि के अंतर्गत ₹11.73 करोड़ की आय पर ₹17.64 करोड़ के व्यय को दर्शाती हुई ₹5.91 करोड़ (₹21.06 करोड़) की राशि को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया गया है.

2. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, 10,000 कृषक उत्पादक संगठनों के गठन और संवर्धन के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत भारत सरकार से ₹33.27 करोड़ प्राप्त हुए.

3. प्रबंधन/निदेशक मंडल द्वारा किए गए अनुमोदन/ तत्संबंधी करारों के अनुसार निम्नलिखित निधियों में अप्रयुक्त शेष पर ब्याज को जमा किया गया है. संबंधित निधियों के लिए ब्याज दरों का विवरण निम्नानुसार है

क्रम सं.	*निधि का नाम*	*2020-21 के लिए ब्याज दर*	*2019-20 के लिए ब्याज दर*
1.	वाटरशेड विकास निधि	4%	4%
2.	केएफ़डब्ल्यू – नाबार्ड इंडोजर्मन वाटरशेड विकास कार्यक्रम (आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान)	4%	4%
3.	केएफ़डब्ल्यू – सहबद्ध उपाय	4%	4%
4.	राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन अनुकूलन निधि	4%	4%
5.	जनजातीय विकास निधि	4%	4%
6.	वित्तीय समावेशन निधि	4%	4%
7.	केएफ़डब्ल्यू नाबार्ड–V आदिवासी विकास कार्यक्रम-गुजरात	4%	4%
8.	जलवायु परिवर्तन – (एएफ़बी)-परियोजना निर्माण अनुदान	4%	4%
9.	एलटीआईएफ़ ब्याज उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि	4%	4%
10.	पीओडीएफ़-आईडी	4%	4%
11.	जीसीएफ़ परियोजना अनुदान	4%	--
12.	पशुधन विकास निधि (उत्तर प्रदेश और बिहार)	7.52%	8.97%
13.	गरीबी उन्मूलन के लिए बहु-गतिविधि दृष्टिकोण (सुल्तानपुर और रायबरेली)	7.52%	8.97%
14.	सेंटर फॉर प्रॉफेशनल एक्सेलेन्स इन को –ऑपरेटिव्ज़	7.52%	8.97%

4. भारत सरकार/ अंतरराष्ट्रीय एजेन्सियों (तुलन-पत्र की अनुसूची-13 देखें) से वसूली योग्य ₹6.92 करोड़ (₹1.06 करोड़) में विविध निधियों का नामे अधिशेष शामिल है. ऐसी निधियों का विवरण निम्नानुसार है.

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*निधि का नाम*	*31.03.2021*	*31.03.2020*
1	केएफ़डब्ल्यू - यूपीएनआरएम–सहबद्ध उपाय	0.07	0.59
2	केएफ़डब्ल्यू – मृदा परियोजना	6.70	0.00
3	केएफडब्ल्यू यूपीएनआरएम – तकनीकी सहयोग	0.00	0.47
4	पौल्ट्री वेंचर कैपिटल फंड	0.15	0.00

5. सूक्ष्म वित्त विकास और इक्विटी निधि (एमएफडीईएफ) के संबंध में अंशदाताओं की बकाया राशियों में विविध लेनदारों की ₹30.48 करोड़ (₹30.48 करोड़) की राशि शामिल है.

6. भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसरण में वाणिज्य बैंकों द्वारा जमा की गई ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) जमाराशियां, भंडारागार आधारभूत संरचना विकास निधि (डब्ल्यूआईएफ) जमाराशियों और खाद्य प्रसंस्करण निधि में बैंक को उपलब्ध 0.5 प्रतिशत से अधिक संबंधित मार्जिन बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार वाटरशेड विकास निधि, जनजाति विकास निधि, वित्तीय समावेशन निधि और पीओडीएफ में जमा किया गया.

7. भारत सरकार से विविध योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त/प्राप्य ब्याज सहायता को अनुसूची 14 के अंतर्गत ब्याज और वित्तीय प्रभारों से समायोजित किया गया है. विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत समायोजित ब्याज सहायता की राशि नीचे दी गई है:

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*योजना*	*2020-21*	*2019-20*
1.	दीर्घावधि सिंचाई निधि	454.71	332.74
2.	मौसमी कृषि परिचालन (एसएओ)	-672.18	-296.60
3.	डेयरी प्रसंस्करण और आधारभूत संरचना विकास निधि (डीआईडीएफ़)	20.25	15.18
4.	राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम)	15.56	20.54
5.	सूक्ष्म सिंचाई निधि (एमआईएफ़)	34.60	0.00
6.	मत्स्यपालन और एक्वाकल्चर आधारभूत संरचना विकास निधि (एफ़आईडीएफ़)	1.64	0.00

8. ब्याज सहायता योजना के अंतर्गत मौसमी कृषि परिचालनों के लिए प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के वित्तपोषण हेतु रास बैंकों, क्षेत्रा बैंकों, और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को दिए जाने वाले पुनर्वित्त और एनआरएलएम योजना के अंतर्गत ब्याज मार्जिन को ब्याज आय के रूप में दर्शाया गया है. इस योजना के तहत भारत सरकार से प्राप्त/प्राप्य राशि ₹90.10 करोड़ (₹100.02 करोड़) रही.

9. बैंक कर्मचारियों के वेतन और भत्तों की समीक्षा प्रत्येक 5 वर्ष में की जाती है. 01 नवम्बर 2017 से समीक्षा लंबित है. इस लंबित निपटान के लिए रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान ₹ 180 करोड़ (₹ 200 करोड़) की राशि वेतन और भत्ते शीर्ष पर उपलब्ध कराई गई.

10. वर्ष के दौरान बैंक ने लेखा मानक 22 "आय पर करों का लेखांकन" के अनुसरण में, (-) ₹ 11.45 करोड़ ((-) ₹45.09 करोड़) के आस्थगित कर आस्ति को लाभ और हानि खाते में दर्शाया. आस्थगित कर का विवरण निम्नानुसार है :

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*आस्थगित कर आस्तियां*	*31-03-2021*	*31-03-2020*
1	भुगतान के आधार पर अनुमन्य प्रावधान	128.38	126.99
2	अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास	18.63	31.47
3	अन्य	13.79	0.82
	कुल	**160.80**	**159.28**

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत निर्मित विशेष प्रारक्षित निधि के कारण आस्थगित कर के लिए प्रावधान करना आवश्यक नहीं समझा गया क्योंकि बैंक ने उक्त प्रारक्षित निधि आहरित न करने का निर्णय लिया है.

11. वित्त वर्ष 2020-21 के अंत में विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष लंबित आय कर अपीलों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्रम सं.	*आकलन वर्ष*	*जिस प्राधिकारी के पास अपील लंबित है*	*द्वारा दायर अपील*	*विवादित राशि (₹ करोड़ में) 31-03-2021 (₹ करोड़)*	*विवादित राशि (₹ करोड़ में) 31-03-2020 (₹ करोड़)*
1.	2006-07	उच्च न्यायालय – मुंबई	आयकर विभाग	115.52	115.52
2.	2007-08	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	89.56	89.56
3.	2008-09	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	-	118.77
4.	2009-10	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	-	194.82
5.	2010-11	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	नाबार्ड	28.20	28.20
6.	2010-11	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	215.31	215.31
7.	2011-12	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	नाबार्ड	51.07	51.07
8.	2011-12	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आय कर विभाग	287.62	287.62
9.	2012-13	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	नाबार्ड	45.63	45.63
10.	2012-13	आय कर आयुक्त (अपील)	नाबार्ड	25.55	25.55
11.	2012-13	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आय कर विभाग	327.03	327.03
12.	2013-14	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	नाबार्ड	1.70	1.70
13.	2013-14	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आय कर विभाग	380.05	380.05
14.	2014-15	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आय कर विभाग	450.61	450.61
15.	2015-16	आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी)	आय कर विभाग	448.87	448.87
16.	2016-17	आयकर आयुक्त (अपील)	नाबार्ड	407.23	407.23
17.	2017-18	आयकर आयुक्त (अपील)	नाबार्ड	360.69	360.69

12. पूर्ण स्वामित्व की भूमि तथा पट्टेकृत भूमि और परिसर में कार्यालय परिसर और स्टाफ क्वार्टर्स के लिए ₹14.00 करोड़ (₹14.00 करोड़) की राशि का भुगतान शामिल है जिसका अंतरण किया जाना अभी बाकी है.

13. बैंक प्रबंधन के मतानुसार आस्तियों में कोई ऐसी क्षतिग्रस्तता नहीं है जिस पर लेखा मानक 28 - "आस्तियों में क्षतिग्रस्तता" लागू होती हो और जिसके लिए किसी प्रावधान की अपेक्षा हो.

14. भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशों के अनुसरण में, राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (रासकृग्रावि बैंक) को इन एजेंसियों द्वारा जारी विशेष विकास डिबेंचरों (एसडीडी) में अभिदान के रूप में दिए गए परियोजना ऋणों की निम्नानुसार गणना की गई है:

क) निवेश के रूप में वर्गीकृत किया गया है और 'डिबेंचर और बॉण्ड' शीर्ष के अंतर्गत अनुसूची 10 में दर्शाया गया है'.

ख) उस पर अर्जित ब्याज लाभ हानि लेखा में ऋण एंव अग्रिमों पर प्राप्त ब्याज' के भाग के रूप में दर्शाया गया है और उसे 'अनुमन्य अग्रिम' माना गया है.

ग) आईआरएसी मानदंड, पूंजी पर्याप्तता और अनुपातों की गणना इत्यादि के प्रयोजन 'अनुमन्य अग्रिम'.

15. वित्तीय विवरणों की तिथि पर, आरआईडीएफ़ के अंतर्गत चालू खेपों (XX से XXV) के तहत विभिन्न राज्य सरकारों को संवितरित राशि में से, ₹483.17 करोड़ (₹438.65 करोड़) शुरू न हुई परियोजनाओं से संबंधित है. संबंधित/ अन्य परियोजनाओं के साथ इस राशि के समायोजन के लिए राज्य सरकार की ओर से लंबित प्रस्ताव के मद्देनजर, इस राशि को इस निधि में से संवितरण के रूप में वर्गीकृत किया गया है.

16. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, वित्त मंत्रालय की दिनांक 18 फरवरी 2016 की अधिसूचना के संदर्भ में, नाबार्ड को ₹5000 करोड़ तक की राशि के लिए आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10(15)(iv)(एच) के अंतर्गत लाभ प्राप्ति योग्य कर मुक्त बॉण्ड जारी करने की अनुमति दी गई थी. तदनुसार, 10 वर्षों की अवधि में चुकौती योग्य ₹1,500 करोड़ निजी प्लेसमेंट से तथा 10 और 15 वर्षों की अवधि में चुकौती योग्य ₹3,500 करोड़ पब्लिक इश्यू से एकत्रित किए गए. कर मुक्त बॉण्ड सुरक्षित, प्रतिदेय और गैर-परिवर्तनीय बॉण्ड के स्वरूप में हैं. ये बॉण्ड मुंबई में स्थित संपत्ति के समक्ष समरूप प्रभार पर तथा नाबार्ड के निर्दिष्ट बही ऋणों पर प्रथम प्रभार के समक्ष सुरक्षित हैं. चालू वर्ष के लिए इन बॉण्डों से संबंधित राजस्व पर लगाया गया ब्याज ₹365.41 करोड़ (₹365.94 करोड़) है.

डिबेंचर ट्रस्टी का विवरण निम्नानुसार है:

एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,
द रूबी, दूसरी मंजिल, एस डबल्यू,
29, सेनापति बापट मार्ग,
दादर पश्चिम, मुंबई - 400028
दूरभाष : +91 22 6230 0451

17. वेंचर पूंजी निधि में निवेश पर विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों से संबंधित भारिबैं के 01 जुलाई 2015 के परिपत्र सं. आरबीआई/2015-16/ 104 डीबीआर. सं. एफ़आईडी. एफ़आईसी.3/01.02.00/2015-16 के अनुसार, वीसीएफ़ की इकाइयों में लगाई गई ₹19.45 करोड़ (₹42.38 करोड़) की राशि को 3 वर्ष पूर्ण होने पर एचटीएम श्रेणी से एएफ़एस श्रेणी में स्थानांतरित किया गया.

18. सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशों के अंतर्गत निम्नलिखित उधारों के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड के साथ गिरवी प्रतिभूतियां शामिल हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*अंकित मूल्य*	*बही मूल्य*
व्यवसाय खंड के लिए गिरवी (प्रतिभूतियां)	760.00 (750.00)	798.77 (783.15)
व्यवसाय खंड के लिए गिरवी (सीबीएलओ / ट्राई पार्टी रेपो)	23111.05 (13252.00)	24895.54 (14091.46)
व्यवसाय खंड के लिए गिरवी (प्रतिभूतियां) डिफाल्ट फंड	50.00 (50.00)	52.21 (52.21)
व्यवसाय खंड के लिए गिरवी (सीबीएलओ / ट्राई पार्टी रेपो) डिफाल्ट फंड	50.00 (50.00)	52.21 (52.21)

19. अस्थिर प्रावधान और काउंटरसाईक्लिकल प्रोविजनिंग

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*2020-21*	*2019-20*
(क)	खाते में अथशेष (काउंटर साईक्लिकल प्रोविजनिंग बफर)	514.44	14.44
(ख)	लेखा वर्ष के दौरान किए गए अस्थिर प्रावधान की प्रमात्रा #	750.00	500.00
(ग)	लेखा वर्ष के दौरान आहरित राशि	0.00	0.00
(घ)	वित्तीय वर्ष के अंत में अस्थिर प्रावधान खाता का इतिशेष	1,264.44	514.44

बैंक के निदेशक मण्डल ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अस्थिर प्रावधान निर्माण करने का निर्णय लिया जिसका उपयोग अप्रत्याशित अथवा असाधारण परिस्थितियों में किया जाएगा.

20. भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर निर्देश – 23 जून 2016 के भारतीय रिजर्व बैंक (अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के वित्तीय विवरण - प्रस्तुति, प्रकटीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश 2016) के अनुसरण में वित्तीय संस्थाओं द्वारा जो प्रकटीकरण दिए जाने आवश्यक हैं उन्हें इस समूह के समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रासंगिक नहीं समझा जा रहा है और इसलिए इन्हें नोट में शामिल नहीं किया गया है.

21. वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत नैबसंरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड नामक एक नई सहायक संस्था का गठन किया गया जो पूर्णत: नाबार्ड के स्वामित्व में है.

22. नाबार्ड की सभी सात सहायक संस्थाओं के वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं और इनका समेकन इन सहायक संस्थाओं के संबंधित प्रबंधन द्वारा प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर तैयार किया गया है. कोविड 19 महामारी के कारण उत्पन्न लॉकडाउन की स्थिति के

कारण सभी सहायक संस्थाओं के लेखा परीक्षण का कार्य समेकित वित्तीय विवरण हस्ताक्षरित होने की तिथि तक पूरा नहीं किया जा सका था.

इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए समूह के समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में विचार की गई अलेखापरीक्षित सहायक कंपनियों के आंकड़ें और वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए उनके लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर ₹168.12 करोड़ के अंतर को "प्रारक्षित निधि" शीर्ष की अनुसूची 1 में समायोजित किया गया है.

23. 7 अप्रैल 2021 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुक्रम में, समूह को आस्थगन अवधि अर्थात 1 मार्च 2020 से 31 अगस्त 2020 के बीच उधारकर्ताओं से 'ब्याज के ऊपर ब्याज प्रभारित करने वाली राशि को लौटाना/ समायोजित करना होगा. वर्ष के दौरान, समूह ने आस्थगन अवधि के दौरान ऋणों पर ब्याज के ऊपर ब्याज प्रभारित करने वाली राशि को लौटाने/ समायोजित करने के लिए ₹1.86 करोड़ का प्रावधान किया है.

24. तीन सहायक संस्थाओं के मामले में, मूल्यह्रास की गणना अवलिखित मूल्य विधि से की गई है और इसे सीधी रेखा विधि के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों में समायोजित नहीं किया गया है. समेकित वित्तीय विवरणों पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा.

25. नैबफिन्स व्यवसाय और विकास कॉरेसपांडेन्ट मॉडल के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करता है. कंपनी ने चित्तूर में एक व्यवसाय और विकास कॉरेसपांडेन्ट के माध्यम से समूहों को ऋण उपलब्ध कराया था, इस कॉरेसपांडेन्ट ने वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान कंपनी के साथ ₹12.10 करोड़ की धोखाधड़ी की. कंपनी ने इस मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए आंध्रप्रदेश के चित्तूर जिले में पुलिस में एफ़आईआर दर्ज कराई है. कंपनी ने इस संबंध में बीमा कंपनी में दावा भी प्रस्तुत किया है. वर्तमान में यह मामला न्यायालय के विचाराधीन है.

26. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान नैबफिन्स के कर्मचारियों और कुछ व्यवसाय और विकास कॉरेसपांडेन्ट्स ने ₹0.18 करोड़ का गबन किया था, इसमें से 31 मार्च 2021 की स्थिति में ₹0.02 करोड़ की राशि की वसूली की गई है और वसूली न की गई राशि के लिए आवश्यक प्रावधान किया गया है.

27. एएस 29 "प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां" की अपेक्षाओं के अनुसार आवश्यक आकस्मिक देयताओं में उतार-चढ़ाव निम्नानुसार है:

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*2020-21*	*2019-20*
अथशेष	25.57	25.02
वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	33.18	25.57
वर्ष के दौरान हटाई गई राशि	25.57	25.02
इतिशेष	33.18	25.57

28. लाभ और हानि लेखा में शामिल पूर्व अवधि मदें निम्नानुसार हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

क्र.सं.	*विवरण*	*2020-21*	*2019-20*
1.	आय	0.00	0.00
2.	राजस्व व्यय	0.00	0.00
कुल		**0.00**	**0.00**

29. लेखा मानक 18- संबंधित पार्टी प्रकटीकरण

चूंकि एएस-18 'संबंधित पार्टी प्रकटीकरण' के अर्थ में यह बैंक राज्य द्वारा नियंत्रित उद्यम है, अत: अन्य राज्य नियंत्रित उद्यमों के साथ लेनदेन का विवरण नहीं दिया गया है.

संबंधित पार्टियों की सूची :

क) प्रमुख प्रबंधन कार्मिक:

पार्टी का नाम	*पदनाम*
डॉ. हर्ष कुमार भनवाला *	अध्यक्ष
डॉ जी आर चिंतला (मई 2020 से प्रभावी)	अध्यक्ष
श्री शाजी के वी (मई 2020 से प्रभावी)	उप प्रबंध निदेशक
श्री पी वी एस सूर्यकुमार (मई 2020 से प्रभावी)	उप प्रबंध निदेशक
श्री हरीशकुमार रसिकलाल दवे **	उप प्रबंध निदेशक
श्री आर अमलोरपवनाथन **	उप प्रबंध निदेशक

*डॉ हर्ष कुमार भनवाला जी का लेन-देन अप्रैल 2020 से मई 2020 तक है.

** उप प्रबंध निदेशक (एचआरडी) और (आरए) क्रमश: अप्रैल और मई 2019 में सेवानिवृत्त हुए.

ख) प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों के साथ लेनदेन:

(राशि ₹ करोड़ में)

पार्टी का नाम	*संबंध का स्वरूप*	*लेन-देन का स्वरूप*	*वर्ष के दौरान लेनदेन की राशि*	*बकाया*
डॉ. हर्ष कुमार भनवाला*	प्रमुख प्रबंधन कार्मिक – अध्यक्ष	अनुलाभ सहित पारिश्रमिक	0.13 (0.61)	0.00
डॉ जी आर चिंतला	प्रमुख प्रबंधन कार्मिक – अध्यक्ष	अनुलाभ सहित पारिश्रमिक	0.63 (0.00)	0.00
श्री शाजी के वी	प्रमुख प्रबंधन कार्मिक – उप प्रबंध निदेशक	अनुलाभ सहित पारिश्रमिक	0.59 (0.00)	0.00
श्री पी वी एस सूर्यकुमार	प्रमुख प्रबंधन कार्मिक – उप प्रबंध निदेशक	अनुलाभ सहित पारिश्रमिक	0.56 (0.00)	0.00
श्री हरीशकुमार रसिकलाल दवे**	प्रमुख प्रबंधन कार्मिक – उप प्रबंध निदेशक	अनुलाभ सहित पारिश्रमिक	0.00 (0.13)	0.00
श्री आर अमलोरपवनाथन**	प्रमुख प्रबंधन कार्मिक – उप प्रबंध निदेशक	अनुलाभ सहित पारिश्रमिक	0.00 (0.17)	0.00

*डॉ हर्ष कुमार भनवाला जी का लेन-देन अप्रैल 2020 से मई 2020 तक है.

** उप प्रबंध निदेशक (एचआरडी) और (आरए) क्रमश: अप्रैल और मई 2019 में सेवानिवृत्त हुए.

संबंधित पार्टियों के संबंध में वर्ष के दौरान कोई भी राशि राइटआफ/ प्रतिलिखित नहीं की गई अथवा उनके लिए प्रावधान नहीं किया गया. संबंधित पार्टियों के संबंधों को प्रबंधन द्वारा अभिनिर्धारित किया गया है तथा लेखापरीक्षकों ने इन पर विश्वास किया है.

30. व्यवसाय खंड के संबंध में सूचना

क) **संक्षिप्त पृष्ठभूमि**

बैंक के मान्यता प्राप्त प्राथमिक व्यवसाय खंड निम्नवत् हैं:

i) **प्रत्यक्ष वित्तपोषण:** ग्रामीण आधारभूत सुविधा विकास हेतु राज्य सरकारों और अन्य एजेंसियों को दिया गया ऋण, सह-वित्तपोषण ऋण और स्वैच्छिक एजेन्सियों/ गैर-सरकारी संगठनों को विकासात्मक गतिविधियों के लिए दिए गए ऋण और सहकारी बैंकों को दिए गए अन्य प्रत्यक्ष ऋण इस खंड में शामिल हैं.

ii) **पुनर्वित्त**: इसमें राज्य सरकारों, वाणिज्य बैंकों, रासकृग्रावि बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों इत्यादि को उनके द्वारा अंतिम उधारकर्ताओं को संवितरित ऋणों के समक्ष प्रदत्त पुनर्वित्त शामिल है.

iii) **ट्रेजरी:** इसमें ट्रेजरी बिलों, अल्पावधि जमाराशियों, सरकारी प्रतिभूतियों इत्यादि के अंतर्गत निधियों का निवेश शामिल है.

iv) **अनाबंटित:** इस खंड में स्टाफ को दिए गए ऋणों और अन्य विविध प्राप्तियों से आय और बैंक की विकासात्मक भूमिका के लिए किए व्यय और सामान्य प्रशासनिक व्ययों को शामिल किया गया है..

ख) प्राथमिक व्यवसाय खंड से संबंधित सूचना

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*ट्रेजरी*		*पुनर्वित्त*		*प्रत्यक्ष वित्त*		*अन्य व्यवसाय (अनाबंटित)*		*कुल*	
व्यवसाय खंड	*2020–21*	*2019–20*	*2020–21*	*2019–20*	*2020–21*	*2019–20*	*2020–21*	*2019–20*	*2020–21*	*2019–20*
राजस्व	3372.89	3867.07	15998.01	15096.98	15472.56	13906.85	164.72	133.28	35008.18	33004.28
परिणाम	2061.34	2248.67	4005.34	2828.64	3425.10	2935.50	-3295.75	-2639.23	6196.03	5373.18
अनाबंटित व्यय									0.00	0.00
परिचालन लाभ									**6196.03**	**5373.18**

विवरण	*ट्रेजरी*		*पुनर्वित्त*		*प्रत्यक्ष वित्त*		*अन्य व्यवसाय (अनाबंटित)*		*कुल*	
आयकर									-1794.94	-1415.45
असाधारण लाभ/ हानि	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
निवल लाभ									4401.09	3957.73
अन्य सूचनाएं										
आस्तियां खंड	48484.91	44693.36	312809.76	241001.39	293758.64	243503.42	3604.51	3432.52	658657.82	532630.69
देयता खंड	99432.66	68543.82	278469.69	219481.93	211455.87	183768.67	69299.60	60836.27	658657.82	532630.69
अनाबंटित देयताएं									0.00	0.00
कुल देयताएं									**658657.82**	**532630.69**

(ग) चूँकि बैंक का परिचालन भारत के भीतर ही होता है अत: रिपोर्ट करने योग्य कोई द्वितीय खंड नहीं है.

30. कोष्ठकों में दर्शाए गए आंकड़े पिछले वर्ष के हैं..
31. गत वर्ष के आंकड़ों को, जहां कहीं आवश्यक हुआ वहां, पुन:समूहित/ पुनर्व्यवस्थित किया गया है.

.

इसी तारीख की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

खीमजी कुंवरजी एंड कं. एलएलपी
एफ़आरएन : 105146W/W100621
सनदी लेखाकार

हसमुख डेढ़िया
साझेदार
सदस्यता संख्या.: 033494

यू एस शेवड़े
मुख्य महाप्रबंधक
लेखा विभाग

मुंबई
18 मई 2021

डॉ जी आर चिंतला
अध्यक्ष

शाजी के वी
उप प्रबंध निदेशक

पी वी एस सूर्यकुमार
उप प्रबंध निदेशक

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*2020-21*	*2019-20*
(क) परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
लाभ और हानि खाते के अनुसार कर से पूर्व शुद्ध लाभ	6,196.03	5,373.18
के लिए समायोजन:		
मूल्यह्रास	50.67	37.21
प्रावधान और परिशोधन	(0.36)	-
अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान	875.24	729.49
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	1,448.42	696.89
पुन: संरचित ऋण के ब्याज में हुए नुकसान के लिए प्रावधान	-	-
अचल आस्तियों की बिक्री पर लाभ / हानि	0.26	(0.28)
विभिन्न निधियों में जमा ब्याज (ब्याज विभेदक निधि में की गई वृद्धि/ समायोजन सहित)	387.47	370.71
अन्य व्यय	(8.67)	(0.02)
निवेश से आय (डिस्काउंट आय सहित)	(3,391.51)	(3,880.86)
परिचालन आस्तियों में परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ	5,557.55	3,326.32
कार्यशील पूंजी में बदलाव के लिए समायोजन:		
चालू आस्तियों में (वृद्धि) / कमी	7,697.95	(2,324.40)
चालू देयताओं में वृद्धि / (कमी)	2,902.54	2,837.30
ऋण और अग्रिम में वृद्धि (कर्मचारियों के लिए आवास ऋण और अन्य अग्रिम सहित)	(1,23,709.26)	(51,182.41)
परिचालन गतिविधियों से उत्पन्न नकदी	(1,07,551.22)	(47,343.19)
आयकर का भुगतान - रिफ़ंड को घटाकर	(1,808.80)	(1,396.68)
(उपर्युक्त में से ₹ 149.28 करोड़ का भुगतान आरआईडीएफ़ की कर-देयता/ एसटीसीआरसी के अंतर के रूप में किया गया और इस राशि को वाटरशेड विकास/ जनजाति विकास/ वित्तीय समावेशन निधि से डेबिट किया गया था.	-	-
परिचालन गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह (अ)	**(1,09,360.02)**	**(48,739.87)**
(ख) निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
निवेश से आय (डिस्काउंट आय सहित)	3,391.51	3,880.84
अचल आस्तियों की खरीद	(85.05)	(101.33)
अचल आस्तियों की बिक्री	1.37	38.25
निवेश में (वृद्धि)/कमी	(11,994.01)	4,978.99
निवेश गतिविधियों से उपयोग की गई निवल नकदी (आ)	**(8,686.18)**	**8,796.76**
(ग) वित्तपोषण गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
प्राप्त अनुदान/ अंशदान	1,003.32	1,152.66
ब्याज व्यय	(0.00)	-
बॉण्डों से आय	56,130.14	33,949.26
उधार में वृद्धि / (कमी)	55,056.53	(11,018.71)
जमा में वृद्धि/ (कमी)	5,109.02	12,316.42
लाभांश पर कर सहित लाभांश का भुगतान	(0.10)	1,487.74
शेयर पूंजी में वृद्धि	1,065.65	162.32
वित्तपोषण गतिविधियों से प्राप्त निवल नकदी (इ)	**1,18,364.56**	**38,049.69**

विवरण	*2020-21*	*2019-20*
नकदी और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि (अ)+(आ)+(इ)	318.36	(1,893.43)
वर्ष की शुरुआत में नकदी और नकदी समतुल्य	1,162.05	3,055.48
वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समतुल्य	**1,480.41**	**1,162.05**

1. वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समतुल्य में निम्नलिखित शामिल हैं:	**2020-21**	**2019-20**
हस्ते रोकड़	0.00	0.00
भारतीय रिजर्व बैंक के पास शेष	843.23	621.20
भारत में अन्य बैंकों के पास शेष	637.18	540.85
मार्गस्थ प्रेषण	-	-
सीबीएलओ दायित्व	-	-
कुल	**1,480.41**	**1,162.05**

बैंकों में रखे गए मांग निक्षेप जिनकी मूल परिपक्वता अवधि 3 माह से अधिक है उन्हें निवेश के अंतर्गत प्रकट किया गया है.

इसी तारीख की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

खीमजी कुंवरजी एंड कं. एलएलपी
एफ़आरएम: 105146डब्ल्यू/डब्ल्यू100621
सनदी लेखाकार

हसमुख डेढ़िया
साझेदार
सदस्यता संख्या.: 033494

यू एस शेवड़े
मुख्य महाप्रबंधक
लेखा विभाग

मुंबई
18 मई 2021

डॉ जी आर चिंतला
अध्यक्ष

शाजी के वी
उप प्रबंध निदेशक

पी वी एस सूर्यकुमार
उप प्रबंध निदेशक